दिनांकः 07.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निरामय राजस्थान अभियान सहित अनेक स्वास्थ्य योजनाओं की शुरूआत की।
- राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कल से–बच्चों और महिलाओं में पोषण जागरुकता गतिविधियों के लिए प्रदेश में भी व्यापक तैयारी।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक लोगों को 32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण मंजूर किये गये।
- प्रदेश में कई स्थानों पर तेज गर्मी का दौर–भीषण गर्मी ने इस बार समय से पहले दस्तक दी।

............

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर प्रदेश में आज से निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 26 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। 24 मोबाइल मेडिकल यूनिट और 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बूलेंस को भी रवाना किया किया गया।

जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना मिशन मधुहारी, मिशन लिवर स्माइल, ईट राइट राजस्थान अभियान की भी शुरूआत की गयी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दिनचर्या में छोटे–छोटे बदलाव कर कई रोगों से बचा जा सकता है।

............

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रखने के लिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य के विषय जोडे जाएंगे। उन्होंने चिकित्साकर्मियों से समर्पित भाव से मरीजों की सेवा करने का आह्वान किया।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींसवर ने कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

.............

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम हुए। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में चिकित्सकों का सम्मान किया गया। पाली के राजकीय बांगड़ चिकित्सालय में जागरुकता संगोष्ठी रखी गयी।
वहीं बाडमेर के आगोर में स्कूली विद्यार्थियों को स्वास्थ्य देखभाल के लिए अच्छी आदतें अपनाने की शपथ दिलाई गयी। सवाईमाधोपुर के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया।
विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अपने संदेश में, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अच्छा स्वास्थ्य हर सम्पन्न समाज की नींव है।

.............

राष्ट्रीय पोषण पखवाडे की कल से शुरूआत हो रही है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले इस पखवाडे का ये सातवां संस्करण होगा। 22 अप्रेल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बच्चों और महिलाओं को पोषण के प्रति जागरुक किया जाएगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली।

प्रदेश में भी कल से पोषण पखवाडा मनाया जाएगा। इसके लिए समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग में कई तैयारियां की जा रही हैं। आईसीडीएस निदेशक ओ.पी. बुनकर ने आकाशवाणी को बताया कि पखवाडे के तहत इस बार समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन पर जोर रहेगा।

.................

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में नए नेत्र वॉर्ड का लोकार्पण किया। एक समाजसेवी परिवार की ओर से ये वॉर्ड बनवाया गया है। श्री शेखावत ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। समाजसेवियों को भी सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

............

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत आज पाली दौरे पर रहे। उन्होंने शहर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की। पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमावत ने कहा कि पिछली सरकार के समय गौशालाओं में हुई गडबडियों की जांच की गयी है। जैसलमेर में 38 गौशालाओं के लाइसेंस निलम्बित किये गये हैं।

...............

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत आज हनुमानगढ़ पहुंचे। उन्होंने लखूवाली हैड, घग्घर नदी और डायवर्ज़न कैनाल का निरीक्षण किया। श्री रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर की कल प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए तैयारियों का जायजा भी लिया। पत्रकारों से बातचीत में श्री रावत ने कहा कि नहर में जल प्रदूषण रोकने के लिए पंजाब और केंद्र सरकार को पत्र लिखे गए हैं। इसका भी शीघ्र समाधान कर लिया जाएगा।

वहीं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर श्रीगंगानगर पहुंचे। श्री नागर ने विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अभियंताओं को फील्ड में जाकर कमियों को दूर करने के निर्देश दिये, जिससे लोगों को गर्मी के दिनों में सुचारू बिजली आपूर्ति हो सके।

............

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक लोगों को करीब 32 लाख करोड़ रुपये राशि के ऋण मंजूर किये जा चुके हैं। मुद्रा योजना साल 2015 में शुरू की गयी थी। कल इसे दस वर्ष पूरे हो जाएंगै। योजना के तहत वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए गैर–कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण दिये जाते हैं। इसमें तीन श्रेणियों में ऋण दिए जा रहे हैं। इनमें 50 हजार रुपये तक का शिशु, पांच लाख रुपये तक का किशोर और दस लाख रुपये तक का तरुण ऋण शामिल है।

............

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की है। वहीं तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि इन दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्य नहीं बढेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में बताया कि उत्पाद शुल्क में बढोतरी का उपभोक्ताओं पर भार नहीं पड़ेगा।

श्री हरदीप पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि कल से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य साढे पांच सौ रुपये और अन्य के लिए 853 रुपये होगा।

............

प्रदेश में कई स्थानों पर अप्रेल के पहले सप्ताह से ही तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। भीषण गर्मी ने इस बार समय से पहले ही दस्तक दे दी है। बाडमेर और जैसलमेर सहित कई स्थानों पर पिछले दो–तीन दिनों से लू का दौर जारी है। बाड़मेर में हीटवेव से जनजीवन अस्त–व्यस्त है।

...............

कोटा, चित्तौडगढ और जालौर स्थानों पर झुलसाने वाली हवा के थपेडे लोगों को परेशान कर रहे हैं। गर्मी के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन के समय धूप की तपिश के कारण लोगों की आवाजाही में कमी आई है। झुंझुनूं में तपनभरी गर्मी से बचाव के लिए कई उपाय कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले दो दिन तेज गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। दस अप्रेल से प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर तेज आंधी और हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट के आसार हैं।

............

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

............